अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 03.01.2025	पृष्ठ सं0 (Page No). 15	क्रम सं0(Serial No.) 12

सीआईएसएफ में 40 फीसदी घटीं आत्महत्या की घटनाएं

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) पुख्ता सुरक्षात्मक उपायों की बदौलत जवानों के आत्महत्या करने की घटनाओं में 40% तक कमी लाने में सफल रहा है। बल के आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में इस बल में आत्महत्या की दर 16.98 प्रति लाख जवान थी, जो 2024 में घटकर 9.87 प्रति लाख हो गई। आंकड़े बताते हैं कि 2024 में सीआईएसएफ में आत्महत्या के कुल 15 मामले दर्ज किए गए जबकि 2023 में यह आंकड़ा 25 था। वहीं, 2022 में 26, 2021 में 21 और 2020 में 18 मामले सामने आए थे। ब्यूरो